प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे। इससे पहले लोकसभा में कल धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा है कि वे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के बारे में बात करते रहते हैं, लेकिन ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा चेहरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद हैं।

....................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लोगों से रोजाना "सूर्य नमस्कार" करने का आह्‍वान किया है। उन्होंने कहा कि "सूर्य नमस्कार" भारतीय संस्कृति से जुड़ी महान योग परम्परा है। यह स्वास्थ्य के लिए वरदान है। श्री बागडे आज क्रीड़ा भारती संगठन की ओर से सूर्य सप्तमी पर आयोजित सामूहिक "सूर्य नमस्कार" कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार मन तथा शरीर दोनों को तंदुरुस्त रखता है। कार्यक्रम में 108 साधकों ने एक साथ "सूर्य नमस्कार" से जुड़ी योग क्रियाएं की। इस अवसर पर राज्यपाल ने क्रीड़ा भारती की स्मारिका "खेल सृष्टि" का भी लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन बच्चों को अपनी ओर से इनाम भी दिया।

....................

प्रदेशभर में आज देवनारायण जंयती मनाई जा रही है। इस अवसर पर भीलवाड़ा जिले के सवाई भोज मंदिर तथा देवनारायण जन्मस्थली मालासेरी गांव मे विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। सवाई भोज मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया हैे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सवाईभोज सिंह मंदिर में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेमसागर तालाब के सौन्दर्यीकरण तथा बालिका आवासीय विद्यालय की घोषणा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को सवाई भोज के नाम से यूनिवर्सिटी का प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा।

......

उधर सवाईमाधोपुर में चौथ का बरवाडा और घाटा नैनवाडी स्थित देवनारायण मंदिरों में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

....................

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कल गार्गी और बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत पात्र बालिकाओं को उनके पुरस्कार की राशि सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं की शैक्षिक उन्नति को प्रोत्साहित करना है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्ष 2024–25 में प्राप्त आवेदनों के अनुसार ढाई लाख से अधिक मेधावी बालिकाओं को 90 करोड़ 34 लाख से ज्यादा राशि हस्तांतरित की गई है। योजना के तहत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की ओर से आयोजित उच्च माध्यमिक और वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे ज्यादा अंक हांसिल करने वाली बालिकाओं को पांच हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाता है।

....................

आकाशवाणी और संस्कृति मंत्रालय ने शास्त्रीय संगीत पर आधारित विशेष श्रृंखला 'हर कंठ में भारत' का प्रसारण शुरू किया है। बसंत पंचमी से शुरू हुई ये श्रृंखला 16 फरवरी तक चलेगी। इसका प्रसारण रोजाना सुबह साढे नौ बजे जयपुर सहित देश के 21 स्टेशनों से किया जा रहा है। भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत का उत्सव मनाने के लिए ये रचनात्मक पहल की गई है। शास्त्रीय संगीत के विभिन्न स्वरूपों को बढ़ावा देना इसका उद्देश्य है।

0000

प्रदेश में आज भी कुछ स्थानो पर बरसात हुई है। कहीं–कहीं बादल छाये हुए है। भरतपुर में आज सुबह हल्की से मध्यम बारिश हुई। इससे सर्दी का असर बढ गया है। बरसात से सरसों की फसल

को नुकसान पंहुचने की आशंका है। धौलपुर में सुबह से ही रूक–रूक कर हल्की बरसात का सिलसिला जारी है। बारां और राजधानी जयपुर में बादल छाये हुए है और ठण्डी हवा चल रही है। मौसम विभाग ने आज जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, टोंक, धौलपुर, अजमेर, भीलवाडा, करौली, सवाईमाधोपुर, नागौर, सीकर और झुंझुनूं में हल्की बरसात की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात सबसे कम 6 दशमलव 7 डिग्री सैल्सिस न्यूनतम तापमान हनुमानगढ के संगरिया में दर्ज हुआ। विभाग ने कहा है कि कल से तापमान में गिरावट हो सकती है।

....................